# UKPSC
# Lower PCS
# (Mains)

## Previous Year Paper
### (Essay & drafting)
### 28 Aug, 2022

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

20,000+ Previous Year Papers

500% Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

*No. of Printed Pages : 2*

**TLC-02**

**2022**

# निबंध एवं आलेखन

# Essay & Drafting

*निर्धारित समय : तीन घण्टे] [ पूर्णांक : 200*

*Time allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200*

नोट : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके अंत में इंगित हैं।

(iii) प्रश्न संख्या–1 का उत्तर हिन्दी अथवा अंग्रेजी में दिया जा सकता है।

(iv) पत्र लेखन में अपना नाम, पता अथवा अनुक्रमांक न लिखें। यदि अनिवार्य हो, तो क्ष, त्र, ज्ञ लिख सकते हैं।

**Note :** (i) **All** questions are *Compulsory*.

(ii) Marks allotted to each question are indicated at its end.

(iii) Question No. 1 can be attempted either in Hindi or in English.

(iv) In letter writing don't write your Name, Address and Roll No. If necessary candidates can write x, y, z.

1. निम्नलिखित में से किसी एक शीर्षक पर लगभग **400** शब्दों में निबंध लिखिए : **50 अंक**

(अ) भारतीय साहित्य और समाज का अंतर्सम्बन्ध।

(ब) समान नागरिक संहिताः आवश्यकता और औचित्य।

(स) भारत में महिलाओं की सामाजिक स्थिति।

(द) हिंदी साहित्य के विकास में उत्तराखंड के रचनाकारों का योगदान।

(य) पर्यावरण और जैव–विविधता।

(र) प्राकृतिक आपदाएँ उत्तराखंड के विकास में बाधक हैं।

Write an Essay on any **one** of the following topics in about **400** words : **50 Marks**

(A) Interrelationship of Indian Literature and Society.

(B) Uniform Civil Code : Requirement and Justification.

(C) Social Status of Women in India.

(D) Contribution of Writers of Uttarakhand in the Development of Hindi Literature.

(E) Environment and Bio-diversity.

(F) Natural Calamities are hinders in development of Uttarakhand.

2. निम्नलिखित अवतरण को सावधानीपूर्वक पढ़कर इसके नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

समस्त संसार के भिन्न–भिन्न राष्ट्रों और जातियों को देखने से मालूम हो जाता है कि राष्ट्रीयता का भाषा और साहित्य के साथ बहुत ही घनिष्ठ सम्बन्ध है, ऐसा होना स्वाभाविक ही है, क्योंकि राष्ट्रीयता और जातीयता के अंगों में सबसे अधिक आवश्यक अंग एकता है और वह एकता किसी विषय–विशेष में हो, वह एकता जितनी व्यापक होगी, उतनी ही राष्ट्रीयता में स्थिरता होगी और वह शक्तिशाली होगी। भावों की एकता अन्य सब प्रकार की एकताओं का मूल है और यह भावों की एकता तभी हो सकती है, जब वे विभिन्न व्यक्ति, जिनके द्वारा राष्ट्रीयता का निर्माण होता है, अपने भावों

Adda247 GET IT ON Google Play

को एक-दूसरे पर व्यक्त कर सकें। इस महान् कार्य के लिए एक भाषा की अत्यन्त आवश्यकता है। साहित्य क्या है ? साहित्य मानव जाति के उच्च-से-उच्च और सुन्दर-से-सुन्दर विचारों तथा भावों का वह गुच्छा है, जिसकी बाहरी सुन्दरता और भीतरी सुगन्ध दोनों ही मन को मोह लेते हैं। कोई जाति तब तक बड़ी नहीं हो सकती, जब तक कि उसके भाव और विचार उन्नत न होंगे, तब उनका विकास उस जाति के साहित्य के रूप में हो सकता है। इसलिए जाति या राष्ट्र के साहित्य के उत्थान के साथ-साथ उस जाति या राष्ट्र की भी उन्नति और उत्थान होना स्वाभाविक है। इस प्रकार साहित्य की अवनति उस जाति के पतन का अटल और अटूट प्रमाण है। भारत के इतिहास को लीजिए – महाभारत, रामायण और उपनिषद् ऐसे समय में लिखे गए थे जब यह देश बहुत उन्नत था, यह कल्पना असम्भव नहीं तो दुष्कर अवश्य है कि ऐसे ग्रन्थ-रत्न किसी असभ्य, बर्बर जाति के आचार्यों द्वारा लिखे गए हों। जब बौद्धों का राज्य भारत में एक छोर से दूसरे छोर तक फैल गया और उनका प्रभुत्व तथा गौरव भारतवर्ष के बाहर भी पहुँच गया, तो पालि साहित्य की उन्नति भी उस साम्राज्य की उन्नति के साथ-ही-साथ बढ़ती गयी।

**(हिन्दी – गद्यावतरण लगभग 300 शब्दों का है।)**

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। **(शब्द-सीमा : अधिकतम 10 शब्द)** 5 अंक

(ख) गद्यांश का सारांश लगभग एक तिहाई शब्दों में लिखिए। **(शब्द-सीमा : अधिकतम 100 शब्द)** 30 अंक

(ग) निम्नलिखित रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए :

(अ) राष्ट्रीयता का भाषा और साहित्य के साथ बहुत ही घनिष्ठ सम्बन्ध है।
**(शब्द-सीमा : अधिकतम 50 शब्द)** 5 अंक

(ब) राष्ट्रीयता और जातीयता के अंगों में सबसे अधिक आवश्यक अंग एकता है।
**(शब्द-सीमा : अधिकतम 50 शब्द)** 5 अंक

(स) साहित्य की अवनति उस जाति के पतन का अटल और अटूट प्रमाण है।
**(शब्द-सीमा : अधिकतम 50 शब्द)** 5 अंक

3. परिपत्र से क्या तात्पर्य है ? एक परिपत्र तैयार कीजिए, जिसमें मुख्य सचिव, उत्तराखंड शासन की ओर से राज्य के सभी जिलाधिकारियों एवं पुलिस-अधीक्षकों को निर्देश दिया जाए कि त्योहारों के अवसर पर विशेष सतर्कता बरती जाए, ताकि असामाजिक तत्त्व शांति-व्यवस्था भंग न कर सकें।
**(शब्द-सीमा : अधिकतम 300 शब्द)** 50 अंक

4. प्रस्तुत हिंदी गद्यांश का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 25 अंक

प्रजातन्त्र के एक नागरिक की प्रमुख विशेषताओं में से एक है – अपने साथियों के जीवन को अच्छा बनाने की चिन्ता होना। उसमें सामाजिक उत्तरदायित्व का भाव अपने तात्कालिक स्वार्थों को भूल जाने की भावना, अपने वर्ग के स्वार्थों को सार्वजनिक भलाई के लिए त्याग देने की प्रवृत्ति तथा समुदाय के प्रति अपने कर्तव्य को पूरी तरह निर्वाह करने की भावना होनी चाहिए।

5. प्रस्तुत अंग्रेजी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 25 अंक

Our country is occasionally described as a rich country but inhabited by the poor. In other words, the rich natural resources of India are not properly exploited for the betterment of the people. If it is done then it can provide earnings to millions. Gradual extinction of our cottage industry during the period of foreign domination has practically ruined the economy of our people, particularly of the rural area. Unplanned establishment of large scale industries has displaced our traditional cottage and small scale industries. All these factors are responsible for our unemployment problem.